# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/9949
दिनांक : 21.11.2025

### विज्ञप्ति

दिनांक 26.11.2025 से आरम्भ होने वाली एन0ई0पी0 स्नातक परीक्षाओं के परीक्षा केन्द्र तथा नोडल केन्द्रों की सूची निर्गत की जा चुकी है। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों को उनके लॉगिन पर सम्बद्ध महाविद्यालयों के परीक्षार्थियों की एन0आर0 एवं फोटो/अन्य विवरण युक्त उपस्थिति पत्रक भी उपलब्ध कराये जा चुके है।

समस्त परीक्षा केन्द्रों से अनुरोध है कि आगामी समस्त परीक्षाओं में College login पोर्टल (Download→ Download Attendance sheet) पर उपलब्ध उपस्थिति पत्रक जिस पर छात्र का विवरण, विषय एवं कोड तथा फोटो पहले से उपलब्ध है, का प्रिंट लेकर निर्धारित स्थान पर उपस्थिति पूर्ण कराने का कष्ट करें। उपस्थिति पत्रक की मूल प्रति लिखित उत्तर पुस्तिकाओं के साथ विश्वविद्यालय भेजना तथा फोटो प्रति परीक्षा केन्द्र पर रखना अनिवार्य हैं। अन्य किसी प्रारूप पर ली गयी उपस्थिति स्वीकार्य नहीं होगी।

उपस्थिति पत्रक प्रिंट करने पर आने वाले खर्च का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।

प्रत्येक परीक्षा पाली के उपरांत उपस्थित/अनुपस्थित परीक्षार्थियों का विवरण निर्धारित पोर्टल (Examination → Submit absent detail) पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

यह भी अवगत कराना है कि परीक्षा सम्बन्धी किसी भी सूचना हेतु विश्वविद्यालय वेबसाइट www.ccsuniversity.ac.in का ही आधार लें। अन्य किसी स्रोत से प्राप्त सूचना की सत्यता जाँचे बिना अमल न करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. व्यैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
4. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5. व्यैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
6. उप कुलसचिव/प्रभारी (गोपनीय)।
7. प्रभारी–अतिगोपनीय विभाग/कमेटी सैल/बी0एड0 सैल/व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
8. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत समस्त एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
9. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
11. गार्डफाइल।

21/11/25

उप कुलसचिव (परीक्षा)